सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 55 | इंदौर, शुक्रवार 06 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# बाइक से आए बदमाश फायरिंग कर बस लूटी

## यात्रियों से जेवर और कैश छीना, गाड़ी छोड़कर भाग निकले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर। छतरपुर में दो बदमाशों ने यात्री बस में लूट की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने हाथ देकर बस को रुकवाया। उसमें चढ़कर कट्टा लहराया और यात्रियों से पैसे-गहने छीन लिए। वारदात शुक्रवार सुबह करीब सवा 7 बजे राजनगर थाना क्षेत्र में कूटने डैम के पास की है।**

बस छतरपुर के लवकुश नगर से सतना जा रही थी। इसमें 20 यात्री थे। लूट के दौरान बदमाशों ने तीन हवाई फायर किए और मौके पर अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए।

### हाथ दिया तो सवारी समझकर बस रोकी

ड्राइवर किशोरी कुशवाहा ने कहा- दोनों लुटेरों ने हाथ दिया तो हमने सवारी समझकर बस रोक दी। वे दोनों बस में चढ़ आए। अचानक एक ने कट्टा निकाल लिया। वे गाली-गलौज करते हुए फोन न करने



की धमकी देने लगे। आगे की सीट पर बैठी महिलाओं से जेवर और कैश छीन लिया। विरोध करने पर कट्टे से हवाई फायर किए। कंडक्टर समीर अली ने बताया- आखिरी में लुटेरे मेरे पास आए और कैश लेकर खेत की तरफ भाग गए। हमने उतरकर देखा तो उनकी बाइक वहीं खड़ी थी। उसका नंबर नोट कर हम थाने में शिकायत करने पहुंचे।

### बच्चे के हाथ से 50 रुपए भी छीन लिए

यात्रियों ने पुलिस को बताया- लुटेरे प्लेटिना बाइक पर आए थे। एक बदमाश ने कट्टा दिखाया जबकि दूसरा हमें धमकाकर जेवर, कैश और मोबाइल छीनने लगा। उसने एक बच्चे से हाथ से 50 रुपए भी छीन लिए। एक महिला यात्री ने कहा- मैं राजनगर जाने के लिए बस में चढ़ी थी। लुटेरों ने मेरा मंगलसूत्र, मेरी बेटी की सोने की चेन और मेरे पास रखे 20 हजार रुपए छीन लिए। रुपए मैंने बेटी के इलाज के लिए रखे थे। छतरपुर एसपी आगम जैन ने कहा- खजुराहो एसडीओपी सलिल शर्मा और राजनगर थाना प्रभारी सिद्धार्थ शर्मा मौके पर है। यात्रियों से पूछताछ कर रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 90 लाख हड़पने वाली फरार साध्वी का परिवार भी गायब

## मृत महंत के अकाउंट से भाई को भेजे लाखों रुपए; 60 हजार का इनाम घोषित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल/छिंदवाड़ा। 'साध्वी तो पिछले कई महीने से यहां आई ही नहीं। उनके पिता 31 तारीख को फ्लैट पर ही थे। मैंने उन्हें देखा था। 1 सितंबर से उनके परिवार का कोई सदस्य दिखाई नहीं दिया।' ये कहना है भोपाल के कोलार में एचबीडी हॉलमार्क सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड का। ये वो ही सोसाइटी है जहां साध्वी लक्ष्मीदास उर्फ रीना रघुवंशी के माता-पिता और भाई रहता है, लेकिन अब पूरा परिवार गायब है।**

दरअसल, साध्वी लक्ष्मीदास पर आरोप है कि उन्होंने छिंदवाड़ा के महंत कनकबिहारी दास की मौत के बाद उनके अकाउंट से 90 लाख रुपए निकाले हैं। साध्वी के खिलाफ छिंदवाड़ा पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। इसी के बाद से वह फरार है। पुलिस ने साध्वी पर 10 हजार रुपए तो रघुवंशी समाज ने 51 हजार रुपए इनाम का ऐलान किया है। पुलिस को जांच में ये भी पता चला है कि साध्वी ने महंत के अकाउंट से पैसा निकालकर अपने भाई और दोस्त के अकाउंट में जमा किए थे।

### भोपाल के कोलार स्थित मकान पर ताला लटका हुआ

साध्वी लक्ष्मीदास उर्फ रीना रघुवंशी को छिंदवाड़ा पुलिस तलाश रही है। रीना के परिजन भोपाल के कोलार में आईबीडी कैंपस के एक फ्लैट में रहते हैं। उनके साथ रीना का भाई हर्ष भी रहता है। 26 जुलाई को जब साध्वी के खिलाफ छिंदवाड़ा के चौरई थाने में 90 लाख रुपए की धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज हुई थी तब भास्कर ने इसी फ्लैट में उसके पिता सुखलाल रघुवंशी और मां किरण रघुवंशी से बात की थी। दोनों ने रीना पर लगाए जा रहे सारे आरोपों को झूठा बताया था। इस बीच रीना ने अग्रिम जमानत की अर्जी भी दायर की थी। एक महीने पहले ही कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। उसके बाद से रीना फरार है। अब परिवार भी गायब हो गया है। पड़ोसियों ने आशंका जताई है कि पुलिस की पूछताछ से बचने के लिए रीना का परिवार संभवतः साउथ अफ्रीका में छोटी बेटी के पास चला गया होगा। सिक्योरिटी गार्ड ने भी बताया कि 'साध्वी के पिता 31 तारीख को फ्लैट पर ही थे।

# मंत्री सिलावट के काफिले की गाड़ी ने मां-बेटी को टक्कर मारी

## मंत्री ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन, (निप्र)। इंदौर रोड स्थित शनि मंदिर के पास गुरुवार शाम को मंत्री तुलसी सिलावट के काफिले के आगे चल रही पुलिस की गाड़ी ने मां-बेटी को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों घायल हो गईं। मंत्री ने काफिला रोक कर कार से घायल मां-बेटी को जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया।





गुरुवार को जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के पिताश्री के उठावना कार्यक्रम से वापस इंदौर जा रहे थे। इसी दौरान डेंडिया की रहने वाली प्रभा जायसवाल,बेटी साक्षी जायसवाल के साथ फ्रीगंज में सामान खरीदने के लिए निकली थी। रुद्राक्ष होटल के सामने शनि मंदिर के पास मंत्री के काफिले में शामिल पुलिस की गाड़ी एक कार को ओवरटेक करने के प्रयास में स्कूटी से जा रही मां-बेटी को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल महिला व बेटी को मंत्री ने कार द्वारा जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु भेजा गया जहाँ पर उनका उपचार किया गया।

## कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

## बिजली कंपनी के एमडी तोमर ने किया कार्यालयों का निरीक्षण

### गुणवत्तापूर्ण कार्य एवं समय पालन के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने गुरुवार दोपहर को उज्जैन शहर का दौरा किया। श्री तोमर ने उज्जैन के वृत्त कार्यालय, क्षेत्रीय लेखा अधिकारी कार्यालय तथा एसटीसी कार्यालय का निरीक्षण किया तथा कार्यों के संबंध में जानकारी ली। श्री तोमर ने विभागीय कार्यों को समय पर पूर्ण करने के साथ गुणवत्ता पर भी फोकस रखने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। श्री तोमर ने समय पर उपस्थिति का आह्वान भी किया। बिजली कंपनी के एमडी श्री तोमर ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था, मानसून सत्र के मैंटेनेंस की गतिविधियों, समय पर तय लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण, नए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पालन के साथ करने, सीएम हेल्प लाइन में दर्ज शिकायतों के समय पर समाधान, कंपनी के ऊर्ज एप व पोर्टल पर आए आवेदनों का समय सीमा में समाधान करने, पीएम सूर्य घर योजना के आवेदनों के तत्काल मंजूरी इत्यादि विषयों पर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र के उपभोक्ताओं, कृषि क्षेत्र के उपभोक्ताओं, नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं, व्यापारिक क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए प्रदान की जा रही सुविधाओं पर भी बात की। इस अवसर पर कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक रिकेश कुमार वैश्य, उज्जैन के अधीक्षण यंत्री पीएस चौहान के साथ ही कार्यपालन यंत्री रामप्रताप सिंह, सतीश कुमरावत व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## हेमलिच मैन्यूवर और सीपीआर का प्रशिक्षण दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ्य जागरुकता एवं गंभीर बिमारियों से बचाव के दृष्टिगत संस्था प्रमुख आर.के.सिंह (भापुसे)उमनि/ निदेषक महोदय के निर्देशानुसार पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल, इन्दौर, पुलिस रेडियो जोन,इन्दौर तथा पुलिस आई.टी.आई. इन्दौर के प्रषिक्षु, स्टॉफ तथा परिजनों के लिये अपोलो हॉस्पिटल इन्दौर की वरिष्ठ हृदय रोग विषेशज्ञ/सर्जन डॉ. सरिता राव (एम.डी.,डी.एम.) एवं उनकी टीम द्वारा सीपीआर/एब्डामिनल थ्रस्ट का प्रषिक्षण दिया गया जिसमें सिखाया गया कि हार्टअटैक की स्थिति में कैसे हम लोगों को बैसिक लाईफ सपोर्ट देकर जान बचा सकते हैं। साथ ही श्री कमलेष पांडे द्वारा जीवन में खुष रहने के तरिके बताये गये। एब्डामिनल थ्रस्ट जिसे हेमलिच मैन्यूवर प्रक्रिया भी कहते है। खाने की नली में कोई अनाज या धातु का टुकडा जैसे सिक्का आदि फंस जाने पर उस व्यक्ति के पिछे के तरफ से पकड कर आगे से दोनो हाथ से पेट के बिच वाले हिस्से पर जोर से दवाब बनाया जाता है जिससे सांस या हवा जोर से निचे से उपर की ओर जाती है जिससे फंसी वस्तु बाहर निकल जाती है। इस विधि द्वारा कई लोगो की जान बचाई जा सकी है। संस्था के निदेषक आर.के.सिंह (भापुसे) द्वारा हार्टअटैक तथा हार्ट फेल्यीयर में अंतर बताकर सीपीआर/एब्डामिनल थ्रस्ट जिसे हेमलिच मैन्यूवर के बारें में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। संस्था के निदेषक आर.के.सिंह (भापुसे) एवं पुलिस अधीक्षक सी.एस. चंद्रावत, द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ, प्रतिक चिन्ह, और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। निरी. मलय महंत ने संचालन एवं उप पुलिस अधीक्षक राजिंदर सिंह वर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन व्यक्त किया गया।

## रुद्र मंडल संस्था ने पांच वरिष्ठों का सम्मान किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रुद्र मंडल संस्था ने अपने 75 वें वर्ष में 5 वरिष्ठजनों का स्वागत सत्कार किया । कार्यक्रम पंतवैद्य कालोनी स्थित श्री समर्थ मठ संस्थान में हुआ। यह जानकारी देते हुए वैशाली फड़के ने बताया कि रुद्र मंडल संस्था की ओर से विठ्ठल माधव आपटे और सुमित्रा विठ्ठल आपटे ने वरिष्ठ मनोहर वैशंपायन , लक्ष्मण सदाशिव भाटे सुमति दातार, वंदना ताई भागवत और पुरुषोतम दत्तात्रेय पोल का श्रीफल माला और दीपक से सम्मान किया गया।अतिथि स्वागत श्री समर्थ मठ संस्थान के अध्यक्ष अशोक पाटणकर, सचिव रवीन्द्र क्षीरसागर ने किया। कार्यक्रम का संचालन वैशाली फड़के ने किया और आभार माना सूर्यकांत मराठे ने। कार्यक्रम का समापन महाप्रसादी से हुआ। इस मौके पर मंगेश भागवत परिवार सहित बडी संख्या में श्रद्धालू मौजूद थे।

## डॉ भरत शर्मा महानिदेशक चयनित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। डॉ भरत शर्मा को विश्वस्तर पर नेतृत्व मूल्यों पर अपनी विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है ।आप साउथ एशिया चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महानिदेशक नियुक्त किए गए है । भारत और दक्षिण एशिया के वरिष्ठ उद्योगपतियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठान के संस्थापक और अधिकारी इसके सदस्य है ।आप भारतीय युवाओं और उद्योगपतियों को विश्व में प्रवासी भारतीय उद्योगपतियों को भारतीय उद्योगों से जोड़ने के प्रकल्प को सार्थक करने का प्रयास कर रहे है । साउथ एशिया चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की चेयरमैन नेपाल से सुश्री भवानी राणा और विश्वभर में संस्था के पदाधिकारी और सदस्यों ने डॉ भरत शर्मा को बधाई प्रेषित की है ।

# नायता मुंडला बस स्टैण्ड से चलेंगी आगरा-मुंबई रूट की बसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह ने आज नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण, एआईसीटीएसएल, परिवहन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के दल के साथ नायता मुंडला बस स्टैण्ड का निरीक्षण किया।**

आगामी 8 सितंबर से इस बस स्टैण्ड से आगरा-मुंबई रूट की बसों का संचालन किया जायेगा। यह व्यवस्था शुरू करने के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्र पूरा करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये गए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ तथा एआईसीटीएसएल के डायरेक्टर दिव्यांक सिंह, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। नायता मुंडला बस स्टैण्ड में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलेक्टर आशीष सिंह ने इस बस स्टैण्ड तक पहुँच मार्ग और अन्य शेष रह गई व्यवस्थाओं को भी अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए जिससे कि किसी को भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।



## निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गुरुवार को राष्ट्रीय आयुष मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश आयुष विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष बांक जिला इंदौर में जिला आयुष अधिकारी के दिशा व निर्देशन में निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ शिविर में मुख्य रूप से जरावस्था जन्य रोग निवारण जैसे उच्चरक्तचाप,मधुमेह , ओस्टियोपोरोसिस ,बुखार, हड्डी का दर्द, अर्श, उदर रोग, महिलाओं से संबंधित रोगो का परीक्षण एवम निःशुल्क औषधि वितरण डॉक्टर लुबना परवीन सैय्यद डॉक्टर एम मंसूरी कम्पाउण्डर मेहमूदा,महिला स्वास्थ कार्यकर्ता मंजू अग्रवाल सीमा चौहान द्वारा किया गया।अन्य सुविधाऐऐं जैसे बी पी की जांच,शुगर कि जांच ,ब्लड में हीमोगोलबिन की जांच,वजन आदि। दिनचर्या ऋतुचर्या आहार विहार योग प्राणायाम आदि की सलाह दी गई । लगभग 107 ज्यादा से लाभान्वित हुए।

## नगर निगम ने किया शिक्षकों का सम्मान

**इंदौर।** शिक्षक दिवस पर हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष इंदौर महापौर पुष्पमित्र , कार्यक्रम के सर्वश्री नंदू पहाड़िया , तुलसी सिलावट ,गोपी कृष्ण नीमा ,राष्ट्रकवि सत्य नारायण सतन , एमआईसी सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिक मुख्य अतिथि शोभा ताई सचिन शर्मा एवं पार्षदगण की उपस्थिति में गुरु को सारे सृष्टि के महान पदो का सृजन कर्ता बताया गया । शिक्षक दिवस पर श्री सत्यम ने शिक्षकों की ड्यूटी को आडे हाथ लेते हुए जातीय जनगणना एवं पशु गणना का उदाहरण दिया । शोभा ताई ने आधुनिक युग में गुरुओं के भिन्न नाम का जिक्र किया। तुलसी सिलावट ने राष्ट्र निर्माण की आधार में गुरु को बताया। महापौर ने अंतः सभी का आभार माना ,एवं स्कूल जो जीर्ण सीर्ण है या जिन्हे निर्माण की आवश्यकता है उनका नवीनीकरण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती लिली डाबर ने किया।

# व्यापारियों एवं उद्योगपतियों के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन 8 सितंबर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के व्यापार एवं उद्योग प्रभाग द्वारा व्यापार एवं उद्योग जगत से जुड़े प्रबुद्धजनों के लिए रविवार, 8 सितंबर को 10:30 बजे न्यू पलासिया स्थित ज्ञानशिखर, ओमशांति भवन में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसका विषय होगा व्यापार एवं उद्योग में सफलता के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण। सम्मेलन में मुंबई के विराज प्रोफाइल प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज राजा कोचर मुख्य अतिथि होंगे तथा नागार्जुना फर्टिलाइजर्स, हैदराबाद के चेयरमैन के. एस. राजु कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।**

उक्त जानकारी देते हुए इंदौर जोन के क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने बताया कि उक्त सम्मेलन में हैदराबाद से पधारी सुप्रसिद्ध कॉरपोरेट ट्रेनर एवं मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमारी राधिका दीदी मुख्य वक्ता रहेंगी तथा एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्री म.प्र. के प्रेसिडेंट योगेश मेहता एवं मोयरा सरिया के वाइस चेयरमैन पवन सिंघानिया सम्माननीय अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

### सफलता की ओर बढ़ते कदम तीन दिवसीय शिविर 9 से

सम्मेलन के पश्चात ब्रह्माकुमारी राधिका दीदी, हैदराबाद के पावन सानिध्य में सोमवार, 9 सितंबर से बुधवार, 11 सितंबर तक तीन दिवसीय शिविर सफलता की ओर बढ़ते कदम का आयोजन किया गया है जिसका समय प्रातः 7:30 से 9:00 एवं संध्या 7:30 से 9:00 बजे तक रहेगा। ज्ञानशिखर, ओमशांति भवन में होने वाले शिविर के विषय- संबंधों एवं जिम्मेवारियों में सामंजस्य, सफलता के छह आयाम, अनिश्चित समय में स्थिरता होंगी। इच्छुक शिविरार्थी प्रातः एवं सायं किसी भी सत्र में भाग ले सकते हैं।

# देवी अहिल्याबाई ने की थी महिलाओं को अधिकार देने की शुरुआत

### न्याय ऐसा करती थी कि दोनों ही पक्ष रहते थे उससे संतुष्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल के दौरान सबसे पहले महिलाओं को अधिकार देने की शुरूआत की थी। उनके द्वारा अपने शासनकाल में न्याय इस तरह से किया जाता था कि उस दोनों ही पक्ष संतुष्ट रहते थे।

यह जानकारी आज नागपुर की डॉ मनीष कोठेकर ने अभ्यास मंडल की 63वीं वार्षिक व्याख्यान माला में अपने संबोधन के दौरान दी। उनके संबोधन का विषय था भारतीय स्त्री का प्रतिमान देवी अहिल्याबाई। उन्होंने कहा कि आमतौर पर महिलाएं अपने जीवन में होने वाले आघात से विचलित हो जाती हैं, टूट जाती हैं। देवी अहिल्याबाई के जीवन पर तो बहुत सारे आघात हुए। इसके बावजूद हर आघात के बाद भी मजबूत होकर उभरी। उन्होंने हमेशा धर्मनिष्ठ होकर कर्तव्य के पालन को प्रमुखता दी है। उनके पिता ने उन्हें शिक्षा देने का जो सिलसिला शुरू किया था उस सिलसिले को ससुराल में आने के बाद ससुर के द्वारा बढ़ावा दिया गया। यही कारण है कि अहिल्याबाई को गणित, भूगोल, पत्राचार, प्रशासन और युद्ध कला का पूरा ज्ञान था।

उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने 1725 से 1795 तक के अपने जीवन काल के दौरान खुद की क्षमता को बढ़ाना, अन्य महिलाओं को साथ लेकर चलना, समाज की गलत चीजों को ना करना और समाज में परिवर्तन लाना जैसे प्रमुख कार्य किए हैं। उस जमाने में होलकर राजघराने में सती प्रथा का पालन होता था। अपने पति की मृत्यु के पश्चात ससुर के कहने पर देवी अहिल्याबाई सती नहीं हुई थी और उन्होंने राजकाज को संभाला था। इस राजघराने में उन्होंने 28 साल तक राज किया। उस समय पर विधवा महिला को पति की संपत्ति में अधिकार नहीं दिया जाता था। देवी अहिल्याबाई ने इस नियम में परिवर्तन कराया और विधवा महिला को भी पति की संपत्ति में अधिकार दिलाया। इसके साथ ही कोई भी विधवा महिला दत्तक के रूप में किसी को नहीं ले सकती थी। इस नियम में भी उन्होंने परिवर्तन कराया। भ्रष्टाचार की स्थिति तो उस समय पर भी बन गई थी। ऐसा मामला सामने आने पर उन्होंने कठोर कार्रवाई करने में भी कोई परहेज नहीं किया।

# नरिमन सिटी में धूमधाम से मनाया महावीर जन्मोत्सव





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्री नागेश्वर पंच पार्श्वनाथ मंदिर नरिमन सिटी इंदौर के अध्यक्ष निलेश पोरवाल मैनेजिग ट्रस्टी विजय जैन (गोटावाला ) ने बताया भगवान महावीर का जन्मवाचन समारोह विभुषिका प. पू. हेमप्रभा श्री जी म सा की शिष्या प पू. पुण्योदया श्री जी म सा की लघुभगनी सरलस्वभावी प पू हेमप्रजा श्री जी म सा की शिष्या प पू श्री अनंतनिधि म सा की पावन निश्रा मे बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया प पू साध्वीजी ने जैसा ही भगवान महावीर के जन्म की घोषणा की सभी भक्त खुशी से झूम ऊठे श्री संघ ने स्वामी वातसल्य का आयोजन भी रखा गया इस अवसर पर नरिमन श्री संघ से रखबचंद जैन ( गोटा वाला )महेंद्र कटारिया, बाबूलाल भंडारी,पिंकेश जैन, शरद जैन, अजय चौधरी, प्रदीप लुंकड, प्रदीप जैन (जावरा वाले ) दिलीप जैन, ऋषभ जैन विकास जैन, राहुल जैन, रितेश जैन, प्रसन्न सक्लेचा ,शौर्य जैन उपस्थित थे श्री नागेश्वर पंच पार्श्वनाथ नरिमन सिटी के पालनाजी का जागरण का लाभ संदीप कुमारजी वंश कुमारजी खिवेसरा परिवार ( माता बरोड़ी वाले ) ने लिया उनके निवास पर रात्रि मे प्रसिद्ध संगीतकार विशाल गुरजी ने भजनो से साथ जागरण सम्पन्न कराया जहा पुरे शहर से जैन समाज जन ने उपस्थिति होकर भगवान को झूला झूलाया।

# स्टाप डैम की झाड़ियों में मिला शव

## घर से लापता था 90 वर्षीय बुजुर्ग, परिजनों ने की शिनाख्त, पुलिस ने की जांच शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सागौर थाना क्षेत्र के अचाना सुहागपुरा रोड के किनारे नदी में गुरुवार को एक 90 वर्षीय वृद्ध का शव मिला है। मृतक के परिजन दिल्लू शाह और मोहम्मद साजिद शाह ने बताया कि मृतक 90 वर्षीय आजाद शाह उसके बाबा थे, जिन्हे 24 घंटे से ज्यादा समय से परिजन तलाश कर रहे थे। उनकी गुमशुदगी भी सागौर थाने में दर्ज कराई गई थी।**

गुरुवार को जानकारी मिली कि अचाना रोड 6 चंबल नदी के स्टाप डैम पर एक करीब 90 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिल। वृद्ध का शव नदी में बने स्टाप डैम की झाडिय़ों में अटका हुआ था। शव की पहचान आजाद बाबा शाह उम्र करीब 90 वर्ष निवासी सागौर के रूप में हुई है।

परिजनों ने यह भी आशंका जताई की बुजुर्ग की हत्या कर शव को नदी के किनारे फेंका हो। क्योंकि बुजुर्ग के कपड़े शरीर पर न होकर साइड में पड़े थे। परिजनों को शक है कि बुजुर्ग के साथ मारपीट की गई।

थाना प्रभारी प्रशांत पाल ने बताया कि करीब 90 वर्षीय बुजुर्ग की गुमशुदगी थाने में दर्ज थी। गुरुवार को सुबह परिजनों के द्वारा सूचना मिली कि बुजुर्ग आजाद शाह का शव नदी में पड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पीथमपुर भिजवाया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ हो पाएगा कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान किस वजह से हैं। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर ली है। पीएम की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## पेट्रोल पंप ऑफिस में घुसकर युवक को चाकू मारे

इंदौर। राजेन्द्र नगर में पेट्रोल पंप ऑफिस में घुसकर एक आरोपी ने निजी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी को चाकू मार दिए। बताया जाता है कि कार हटाने को लेकर कर्मचारी से उसकी बहस हुई। राजेंद्र नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक राजकुमार मोहनिया ने बताया कि वह सोलर पैनल का काम करता है। मालिक भंवर प्रजापति के साथ एबी रोड पर रिलायंस पंप के पास आए थे। यहां मालिक क्लाइंट से मिलने गए। तब राहुल नाम का लडक़ा आया। उसने कहा कि कार हटाओ। इस पर राजकुमार मोहनिया ने ड्राइव नहीं करने की बात कही। तब राहुल मारपीट करने लगा। राजकुमार बचने के लिए रिलायंस पेट्रोल पंप के ऑफिस में भागा। यहां राहुल चाकू लेकर अंदर आ गया। तब आरोपी ने सिर और हाथ में चाकू से हमला कर दिया। पंप के कर्मचारियों ने बचाव किया। पुलिस ने मामले में आरोपी पर केस दर्ज किया है।

# मुनाफे का लालच देकर ठगे 16 लाख

## क्राइम ब्रांच ने त्वरित कार्रवाई कर दिलवाई राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ठग ने मोटा मुनाफा देने का लालच देकर आवेदक से करीब 16 लाख रूपए इन्वेस्ट करवा लिए। मामला क्राइम ब्रांच तक पहुंचा तो तत्काल कार्रवाई कर आवेदक को उसकी राशि वापस दिलवाई।**

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि फरियादी पुष्पेंद्र को अनजान ठग ने वाट्सअप ग्रुप पर फर्जी लिंक भेजकर आवेदक को बताया कि अलग अलग प्लान के हिसाब से होटल रेटिंग टास्क में इन्वेस्ट कर वे मोटा मुनाफा कमा सकते हैं। सबसे कम वाला प्लान एक हजार रूपए का है इसमें इन्वेस्ट करने पर तीन सौ रूपए का मुनाफा मिलेगा और आपको 1&00 रूपए रिर्टन भी तुरंत हो जाएंगे। ठग ने जैसा कहा आवेदक ने वैसा किया और उसे तुरंत प्राफिट भी हो गया। तीन सौ रूपए अतिरिक्त भेजकर ठग ने उनका विश्वास हासिल कर लिया और फिर बड़े अमाउंट के साथ बड़ा प्राफिट कमाने का लालच दिया और आवेदक को झांसे मेले लेते हुए टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ते हुए पांच लाख रूपए आनलाइन प्राप्त कर बिटकाइन में इन्वेस्ट का फर्जी टास्क दिया और जब प्राफिट सहित अमाउंट को आवेदक के दरा विड्राल करने का प्रयास किया तो कहा कि दूसरा टास्क करना होगा उसके लिए 11 लाख रूपए इन्वेस्ट करना होगा आवेदक के द्वारा पांच लाख की राशि प्राप्त करने के लिए ठग द्वारा दिए फर्जी निर्देशों का पालन करते हुए बैंक अकाउंट में 11 लाख रूपए ट्रांसफर किए पैसे ट्रांसफर करने के बाद आवेदक को ग्रुप से बाहर करते हुए संपर्क खत्म कर लिया और इस प्रकार आवेदक के द्वारा कुल 16 लाख रूपए ठग गैंग को देकर आवेदक स्वंट टास्क आनलाइन फ्राड की घटना का शिकार हुआ। इस पर उसने क्राइम ब्रांच को मामले की शिकायत की। शिकायत मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए बैंक खातों को फ्रीज कराते हुए 16 लाख रूपे सकुशल रिफंड कराए।

# लिम्बोदापार में किया शिक्षकों का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर जिला इंदौर**। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा आदर्श ग्राम लिंबोदापार में शिक्षक सम्मान एवं नशा मुक्ति पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण जनों ने भागीदारी की इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक सुरेशचंद्र यादव सामाजिक न्याय विभाग से नेहा वर्मा, ग्राम पंचायत लिम्बोदापार के सरपंच हरिराम चौहान उप सरपंच गजेंद्रसिंह सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने ग्राम के ही प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों का शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर सम्मान किया एवं उनके अनुभव को सुना तथा जन अभियान परिषद और ग्राम पंचायत लिम्बोदापार के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें दो ग्रामीणों ने नशा तत्काल छोड़ दिया नेहा वर्मा ने कहा कि नशा हमारे परिवार का नाश करता है। इसलिए हम सब लोगों को संकल्प लेना चाहिए की नशा नहीं



करने से हम हमारे परिवार और हमारे स्वास्थ्य दोनों को बचा सकते हैं। विकासखंड समन्वयक सुरेशचन्द्र यादव ने नशा मुक्त भारत कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी उपस्थित ग्रामीण जनों को देते हुए। कहा कि आज हमारी आने वाली पीढ़ी नशे से बर्बाद हो रही है इसको बचाने की पहल भी हम सभी लोगों को करना पड़ेगी अन्यथा हम हमारे स्वास्थ्य और धन दोनों को ही खो देंगे। समय रहते हमें अपने परिवार को बचाना चाहिए। आदर्श ग्राम लिम्बोदापार में स्वैच्छिकता के भाव तथा ग्राम विकास की दृष्टि से काम करने वाली पांच समितियो का गठन किया गया।जिसमें डिजिटल ग्राम समिति, स्वच्छ ग्राम समिति, नशा मुक्त ग्राम समिति, पर्यावरण समिति एवं शासन की योजनाओं की क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया। इस कार्य में ग्राम के लोग जो सामाजिक स्तर पर समाज के बीच में रहकर काम करने वाले लोगों को साथ में लिया। कार्यक्रम का संचालन गोविंद चौहान के द्वारा किया गया इस अवसर पर जन अभियान परिषद के नवांकुर, मेंटर एवं ग्राम के वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का आभार उपसरपंच गजेंद्र सिंह सोलंकी ने माना। यह जानकारी सुरेशचंद्र यादव विकासखंड समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद देपालपुर के द्वारा दी गई।

## सूने घर से जेवर और नगदी ले गए चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खुडैल थाना क्षेत्र में बदमाशों ने घर में घुसकर जेवर और नकदी चुरा लिए। बदमाश जब वारदात कर भाग रहे थे तो उनका सामना कालोनी के चौकीदार से हो गया। चौकीदार ने रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे पीट दिया। दर्शन दीक्षित पिता गजानंद निवासी परम विहार कालोनी देवगुराडिय़ा की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से बाहर गए थे। इसी दौरान रात को बदमाश घर का ताला तोडक़कर अंदर घुस गए। अलमारी के लाकर में रखे सोनी की कान की झूमकी,चेन,15 हजार रूपे चुराकर ले गए। जब कालोनी के चौकीदार ने बदमाशों को रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया। उसके साथ में मारपीट की जिससे उसको सिर व पैर के पंजे में चोट लगी। वहीं क्षिप्रा में एक सूने घर में चोरी हो गई। दिनेश पंचोली पिता बृजभूषण पंचोली (62) निवासी ग्राम पीर कराडिय़ा की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। दिनेश ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति घर का ताला तोडक़र अंदर घुस आया। अलमारी में रखे दो सोने के हार,एक मंगलसूत्र, दो सोने की चेन, पांच सोने की अंगूठी, दो सोने के टीके, दो सोने की नथ, चार सोने की चूडिय़ां, तीन जोड़ चांदी के पायल और 50 हजार रूपए चुराकर ले गया।

## लूट का आरोपी पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र में तीन पहले गोलीबारी और लूट की घटना के फरार आरोपी अमन पिता दीपक त्यागी को पुलिस ने पकड़ लिया है। सहायक उपनिरीक्षक बाल कृष्ण मिश्रा ने गरुवार को बताया कि अगस्त 2021 में पीथमपुर में हुई लूट-गोलीबारी की घटना में धार कोर्ट ने 8 आरोपियों में से 6 आरोपियों को 5 साल की सजा सुनाई थी। जबकि 1 आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई गई थी। अमन त्यागी जमानत के बाद से फरार चल रहा था। कोर्ट ने अमन के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया था। पुलिस ने अमन को गुरुवार सुबह छत्र छाया कॉलोनी के गेट से उस समय गिरफ्तार किया। जब वह शहर से बाहर भागने की फिराक में था। फरार आरोपी अमन को धार कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## घेरकर मारा चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाणगंगा रेलवे क्रासिंग के यहां एक युवक को तीन बदमाशों ने चाकू मार दिया। पुलिस ने इस मामले में तीनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बाणगंगा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अजय नाम के युवक को रात करीब 11 बजे के लगभग एमआर 4 पर मालती वनस्पति कंपनी के पास रेलवे क्रासिंग के यहां पर तीन लोगों ने रोका। गेट बंद होने से अजय रेलवे क्रासिंग के यहां खड़ा था। तीनों ने अपशब्द कहते हुए चाकू निकालकर बाएं पैर पर मार दिया। वहां लोगों को आते देख तीनों आरोपियों ने दौड़ लगा दी। इस मामले में देर रात पुलिस ने केस दर्ज कर तीनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# भोपाल में बड़ा तालाब फुल, 3 बांधों के गेट खुले

## भदभदा-कलियासोत और कोलार डैम से छोड़ा जा रहा पानी; 6 जिलों में बारिश का अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, (एजेंसी)। मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। इसका कारण मौजूदा लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) का कमजोर होना और मानसून ट्रफ का आगे निकलना बताया गया है। भोपाल में बुधवार को हुई तेज बारिश से बड़ा तालाब में पानी बढ़ गया, जिसके बाद गुरुवार को भदभदा-कलियासोत और कोलार डैम का एक-एक गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। आज छतरपुर, पन्ना समेत 6 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश का दौर बना रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में 2 इंच पानी गिरते ही सामान्य बारिश का कोटा भी फुल हो जाएगा। अब तक औसत 35.4 इंच बारिश हो चुकी है।**



मौसम विभाग, भोपाल के वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया, ह्लो प्रेशर एरिया कमजोर होकर आगे बढ़ गया है। मानसून ट्रफ गुना, सिवनी से गुजर रही है। अगले 24 घंटे में सिस्टम कमजोर हो जाएगा। 8 सितंबर तक भारी बारिश नहीं होगी।

### भोपाल में तीन बांधों के एक-एक गेट खुले

भोपाल में कैचमेंट एरिया में बारिश होने से भोपाल का बड़ा तालाब फिर छलक उठा है। इससे भदभदा और फिर कलियासोत डैम के एक-एक गेट खोलने पड़े। गुरुवार को भी दोनों गेट खुले हैं। भदभदा डैम का एक गेट बुधवार शाम को ही खोल दिया गया था। इसके बाद कलियासोत का गेट भी खोला गया। पानी ज्यादा होने पर कलियासोत डैम का रात में ही दूसरा गेट कुछ देर के लिए खोला गया। हालांकि, गुरुवार को एक ही गेट खुला हुआ है। इस सीजन में कलियासोत के गेट 7 बार, भदभदा के 6 जबकि कोलार बांध के गेट चौथी बार खोले गए हैं। भदभदा के 11 में से अधिकतम 8, कलियासोत के सभी 13 और कोलार डैम के 8 में से 4 गेट खोले जा चुके हैं। जिले की सामान्य बारिश 37.6 इंच है। जुलाई और अगस्त में ज्यादा बरसने से सीजन का कोटा फुल हो गया।

### भोपाल समेत 4 जिलों में बारिश, नदी उफान पर आई

इससे पहले बुधवार को भोपाल समेत प्रदेश के 4 जिलों में बारिश हुई। भोपाल में सुबह तीखी धूप खिली, लेकिन दोपहर में बारिश का दौर शुरू हो गया। इसके अलावा छिंदवाड़ा, सिवनी, रायसेन में भी बारिश हुई। गुना में एक मकान का छज्जा गिर गया। मलबे में दबने से वेदवती बाई राठौर की मौत हो गई। रायसेन में हलाली डैम के दो गेट आधे-आधे मीटर तक खोल दिए गए। डैम के कैचमेंट एरिया का लेवल 459.59 मीटर पर फुल हो गया। दोनों गेट से 92.74 क्यूमैक्स पानी छोड़ा गया। हरदा में अजनाल नदी उफान पर रही। इससे पुल के ऊपर से पानी बह निकला।

# पति-पत्नी ने खाया जहर, वीडियो बनाकर दोस्त को भेजा

### कहा- हमें कोई एक्सेप्ट नहीं कर रहा, दो दिन पहले ससुर ने किया था सुसाइड



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आगर-मालवा, (एजेंसी)। आगर में पति-पत्नी ने जहर खाकर जान दे दी। सुसाइड से पहले दोनों ने वीडियो भी बनाया। जिसमें आत्महत्या के लिए खुद को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि हमारी मौत के बाद किसी को भी परेशान नहीं किया जाए।**

ये घटना गुरुवार की है। युवक का नाम गोपाल गोस्वामी है। उसकी पत्नी का नाम रानी गोस्वामी है। वह गर्भवती थी। जहर खाने के बाद दोनों एक सुनसान जगह पर गंभीर हालत में पड़े मिले। जिन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां दोनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि परिवारिक विवाद के चलते दोनों ने खुदकुशी की है। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**दो दिन पहले युवक के पिता ने जहर खाकर दी थी जान-** दो दिन पहले मृतक गोपाल के पिता संतोष गोस्वामी ने भी जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। जिला हॉस्पिटल पुलिस चौकी प्रभारी रामलाल पवार ने बताया कि नलखेड़ा के वार्ड 14 निवासी संतोष गोस्वामी की गर्भवती बहू रानी गोस्वामी ने दो दिन पहले थाने पर सास-ससुर और ननंद पर प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए शिकायती आवेदन दिया था। इसके बाद ससुर संतोष गोस्वामी ने जहर खा लिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।परिवार जन इस घटना का जिम्मेदार बेटे गोपाल और बहू रानी को बताने लगे। इससे परेशान होकर गोपाल और रानी ने भी जहर खा लिया।

**सुसाइड से पहले वीडियो बनाकर दोस्तों को भेजा-** मृतक गोपाल के दोस्त अजय माली और शैलेंद्र कुशवाह ने बताया कि दोनों ने आत्महत्या से पहले वीडियो बनाकर हमारे मोबाइल पर सेंड किए। इसके बाद हम लोग वीडियो में बताई जगह पर उन्हें ढूंढते हुए आगर पहुंचे। दोनों हमें उज्जैन रोड पर कृषि विज्ञान केंद्र के पास सुनसान जगह पर गंभीर हालत में मिले। जिन्हें आगर जिला हॉस्पिटल ले गए।यहां गोपाल की मौत हो चुकी थी और उसकी पत्नी ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# क्लास में चक्कर खाकर गिरा छठी का छात्र, मौत

## सीएम राइज स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह रद्द, मां की भी ऐसे ही गई थी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, (एजेंसी)। खंडवा में क्लास रूम में 6वीं का छात्र चक्कर खाकर गिर पड़ा। टीचर ने उसे उठाया और अस्पताल लेकर पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद छात्र को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में प्राचार्य का कहना है कि छात्र की मौत अस्पताल में इलाज के कुछ देर बाद हुई। वहीं, डॉक्टर का कहना है कि अस्पताल लाने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।**

घटना मूंदी के सीएम राइज स्कूल की है। अंजनियाकला का रहने वाला दुष्यंत चौधरी (12)



गुरुवार सुबह स्कूल पहुंचा था। प्रार्थना के बाद अन्य बच्चों के साथ वह क्लास में जा रहा था। छात्र की मौत के बाद स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह निरस्त कर दिया है। बताया जा रहा है कि छात्र की मां की मौत भी 7 साल पहले ऐसे ही हुई थी।

### अस्पताल में इलाज के कुछ देर बाद मौत हुई: प्राचार्य

सीएम राइज स्कूल मूंदी की प्राचार्य सीमा राठौर का कहना है कि दुष्यंत ने इसी साल स्कूल में एडमिशन लिया था। प्रार्थना के बाद सभी छात्र क्लास रूम पहुंचे थे। वह क्लास रूम पहुंचा ही था कि उसे चक्कर आ गए। क्लास टीचर बाइक से उसे अस्पताल ले गए। जहां प्राइमरी इलाज भी चला। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

### अस्पताल लाने से पहले हो चुकी थी मौत : डॉक्टर

बीएमओ डॉ. आरके इंगला ने बताया कि ड्यूटी डॉक्टर ने दुष्यंत को अटेंड किया था। अस्पताल लाने से पहले ही छात्र की मौत हो गई थी। मेडिकल हिस्ट्री को लेकर पता चला है कि वह पहले से भी मानसिक बीमार था। दो-तीन बार इस तरह की शिकायत हो चुकी थी। यह भी बताया गया है कि उस डीजे से दिक्कत थी। जब शोरगुल होता था, तब उसकी हार्ट बीट धीमी हो जाती थी।

## मंगलनाथ मंदिर में 6 माह भात व अन्य पूजाओं से 1 करोड़ 66 लाख से अधिक आय हुई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (निप्र)।** अप्रैल से अगस्त 2024 तक श्री मंगलनाथ मंदिर पर देश-विदेश से आने वाले यजमानों की व्यवस्थित तरीके से भात पूजन एवं अन्य पूजन मंदिर के विद्वान आचार्यों,पंडितों के द्वारा संपूर्ण विधान के साथ संपन्न कराई गई। श्री मंगलनाथ मंदिर में भात पूजन एवं अन्य पूजनों से शासकीय रसीदे तथा दान पेटी से मंदिर को विगत 6 माह में 1 करोड़ 66 लाख 92 हजार 808 रुपए कि आय प्राप्त हुई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर प्रशासक के.के.पाठक ने बताया कि उक्त अवधि में भात पूजन एवं अन्य पूजनों की जो शासकीय रसीदें काटी गई, इन रसीदों से मंदिर समिति को 1 करोड़ 57 लाख 90 हजार 328 एवं दानपेटी से 9 लाख 2 हजार 480 की आय मंदिर प्रबंध समिति को प्राप्त हुई। इस प्रकार अप्रैल 2024 से अगस्त 2024 की अवधि में 1 करोड़ 66 लाख 92 हजार 808 की आय प्राप्त हुई है।

# लालपुल से शिप्रा नदी में कूदे युवक की लाश भेरूगढ़ क्षेत्र में मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (निप्र)।** तीन दिन पहले एक युवक ने लालपुल से शिप्रा नदी में छलांग लगा दी थी। उसने आत्महत्या से पूर्व फोन पर अपनी मां को सूचना दी थी। परिजन उज्जैन पहुंचे और पुलिस,तैराकों की मदद से नदी में शव की तलाश कराई गई लेकिन नदी में बाढ़ आने के कारण शव नहीं मिल पाया। कल उसकी लाश भैरूगढ़ क्षेत्र में नदी किनारे मिली। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर मर्ग कायम किया है।

तेजपाल पिता चंदर 25 वर्ष निवासी राधाकृष्ण मंदिर के पास मेहतवास नागदा 3 दिन पहले लालपुल से शिप्रा नदी में कूदा था। उसने नदी में कूदने से पहले अपनी मां रूक्मणी यादव से बातचीत की और उसे आत्महत्या करने की सूचना भी दी थी। रूक्मणी यादव अपने परिजनों के साथ उज्जैन पहुंची और महाकाल थाने पर इसकी जानकारी दी। पुलिस ने तैराकों व होमगार्ड सैनिकों की मदद से नदी में युवक के शव की तलाश शुरू की लेकिन नदी में बाढ़ के पानी का बहाव तेज होने के कारण शव नहीं मिल पाया था। कल भेरूगढ़ पुलिस ने उक्त शव को नदी किनारे से बरामद किया और तेजपाल के परिजनों को सूचना दी। उन्होंने उज्जैन पहुंच कर मृतक की शिनाख्त तेजपाल के रूप में की,जिसके बाद पुलिस ने पीएम कराया व शव परिजनों के सुपुर्द किया। तेजपाल के परिजन मुकेश ने बताया कि वह पहले नागदा ग्रेसिम में नौकरी करता था और कुछ दिनों से बस पर कंडक्टर का काम करने लगा था।

# संपादकीय


## भविष्य बनाने से पहले ही भ्रष्टाचार में शामिल हो रहे

नियमित स्कूली शिक्षा व्यवस्था के समांतर चलने वाले कोचिंग केंद्रों में पढ़ाई आज एक ऐसा दुश्चक्र बन गया है कि इसमें कई बार नियम-कायदों का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जाता। इनमें दाखिला लेकर स्कूली कक्षाओं से आजादी की सुविधा मुहैया कराने वाले स्कूलों की वजह से भी आज समस्या खड़ी हो रही है। इसमें स्कूली शिक्षा व्यवस्था के नियम-कायदे ताक पर रखे जा रहे हैं। गौरतलब है कि इन्हें 'डमी स्कूल' कहा जाता है, जहां विद्यार्थी अपना नामांकन तो करा लेते हैं, मगर वहां कक्षाओं में शामिल होने या हाजिरी लगाने की जरूरत उन्हें नहीं होती। इसमें अनिवार्य उपस्थिति से लेकर अन्य शिक्षण संबंधी प्रमाण-पत्रों की व्यवस्था डमी स्कूल की ओर से करा दी जाती है। इसी समस्या पर काबू पाने के मकसद से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई ने मंगलवार को राजस्थान और दिल्ली के सत्ताईस 'डमी स्कूलों' का औचक निरीक्षण किया। बोर्ड ने इस मसले पर कहा कि सभी संबद्ध स्कूलों से इसके दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपेक्षा की जाती है और इस निरीक्षण के बाद जिन स्कूलों को नियमों के अनुपालन में लापरवाही बरतने या जानबूझ कर अनदेखी करने के मामले पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसी शिकायतें पहले भी आई हैं कि अभिभावक अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों से निकाल कर 'डमी स्कूलों' में दाखिला दिलवा देते हैं। दरअसल, अच्छे स्कूलों में छात्रों के लिए अस्सी फीसद हाजिरी का नियम लागू होता है, मगर कोचिंग में पढ़ाई करने वाले छात्र स्कूल नहीं जाना चाहते। वहीं 'डमी स्कूल' में दाखिला लेने के बाद उन्हें स्कूल जाने की जरूरत नहीं पड़ती और वे सिर्फ कोचिंग सेंटर में पढ़ाई करते हैं। इस तरह बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने की कोशिश में अभिभावक अपने बच्चों को शुरुआती दौर में ही जाने-अनजाने भ्रष्टाचार में शामिल कर देते हैं। इस समस्या पर काबू पाने के लिए कोचिंग कक्षाओं और स्कूल के समय को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, मगर यह समस्या बनी रही।

**अर्ज किया है..!**

*खुद को बिखरते देखते हैं*
*कुछ कर नहीं पाते हैं*
*फिर भी लोग खुदाओं*
*जैसी बातें करते हैं*

-इफ्तिख़ार आरिफ़




**महिला जगत**

# घर से दूर पीजी में अकेले रहती हैं आप तो इन बातों का रखें ध्यान, नहीं होगी कोई अनहोनी

करियर की खातिर घर से दूर रहना आज के समय में आम हो गया है। ऐसे में जरूरी है कि आप घर से बाहर रहें तो पूरी तरह सुरक्षित माहौल को चुनकर। धारा के पास दो विकल्प थे- या तो वह अपनों को चुन सकती थी या फिर सपनों को। इस परिस्थिति में वह तर्कशील रही और उसने अपने सपने को पूरा करने और एक सफल इंटीरियर डिजाइनर बनने के लिए अपनों से दूर दूसरे शहर में रहना तय किया। धारा की तरह आज कई महिलाएं पढ़ाई, नौकरी और करियर के लिए दूसरे शहरों या देशों में अकेले रह रही हैं। मगर इसमें कोई दो राय नहीं कि घर से दूर रहने पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में ध्यान तो आपको खुद ही रखना होगा।

**पीप होल या वीडियो डोरबेल-** अनजान शहर में अपनी सुरक्षा के लिए दरवाजे पर पीप होल या वीडियो डोर बेल लगाना सुरक्षा के लिहाज से जरूरी कदम है। इसके अलावा आप सुरक्षा कैमरे, मोशन सेंसर और अलार्म का उपयोग भी कर सकती हैं। इससे अकेले रहते हुए भी आप सुरक्षित महसूस कर सकेंगी।

**पालतू पेट-** यदि आप अकेले रहती हैं तो किसी पालतू जानवर को अपने साथ रख सकती हैं। जानवर इन्सानों को तनावमुक्त रखने में मदद करते हैं। ये आपके स्ट्रेस हार्मोन का स्तर कम कर खुशी के हार्मोन को बढ़ाते हैं। यदि आप कुत्ते को पालतू जानवर के तौर पर पालती हैं तो वह आपके लिए रक्षक भी सिद्ध होता है।

**पास-पड़ोस को जानें-** पास-पड़ोस को जानना सुरक्षा की दृष्टि से काफी मददगार साबित हो सकता है, इसलिए अपने पड़ोसियों से दोस्ती करें और उनसे मिलने के लिए समय निकालें। इससे एक-दूसरे पर भरोसा बढ़ता है और सामुदायिक सुरक्षा की भावना का भी



निर्माण होता है, लेकिन आप अपनी निजी जानकारियां किसी से साझा न करें।

**शेयरिंग इज केयरिंग-** रूममेट के साथ अच्छे संबंध बनाने के लिए शेयरिंग इज केयरिंग फॉर्मूले को अपनाएं। छोटे-छोटे कामों में मदद करके आप अपनी रूममेट से दोस्ती की शुरुआत करें। अगर आपको पसंद हो तो रूममेट के साथ ड्रेसेज और फुटवियर भी शेयर कर सकती हैं। इससे आप दोनों की दोस्ती का रिश्ता मजबूत होगा।

**संवाद से बनेगी बात-** संवाद दोस्ती करने का एक कारगर माध्यम है, जिसके जरिये आप अपनी रूममेट के साथ अच्छे संबंध स्थापित कर सकती हैं और नए शहर में एक-दूसरे की हेल्पिंग हैंड बन सकती हैं। रूममेट के साथ आप दिन भर के अच्छे-बुरे अनुभव और भावनाएं भी साझा कर सकती हैं।

**डे-आउट का प्लान-** परिवार, घर, शहर से दूर रहने पर आपको दूसरे लोगों के साथ तालमेल बिठाना जरूरी होता है। ऐसे में अपनी रूममेट के साथ एक डे-आउट प्लान करें। साथ खाएं, पिएं और बातें करें। इससे आप दोनों को एक-दूसरे को जानने में मदद मिलेगी और आप घर से दूर एक 'घर' बना पाएंगी।

**नए दोस्त बनाएं-** लाइफ कोच निधि गुप्ता कहती हैं, करियर के लिए आजकल अकेले पीजी या हॉस्टल में रहना आम हो गया है। लेकिन इस सब में जरूरी है कि खुद की सुरक्षा और स्वास्थ्य का ख्याल रखा जाए। आप जब घर से दूर शहर में रहती हैं तो अकेलेपन का अहसास होता है। कई बार यह मन-मस्तिष्क पर नकारात्मक असर भी डालता है। इसलिए जरूरी है कि आप खुद को अकेला महसूस न होने दें। दोस्त बनाएं, उनसे मिले।

मिलने का समय नहीं है तो वीडियो कॉल करें। ऐसा करने से अहसास होता है कि सब हमारे पास ही हैं। आप जहां रह रही हैं, उस सोसाइटी की कम्यूनिटी को जॉइन कर सकती हैं, नए दोस्त बना सकती हैं। ऐसा करने से आप आंतरिक रूप से खुद में बदलाव महसूस करेंगी।

New Delhi

# हम भारत में भी कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं, "खास' दोस्त से मिलकर बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**सिंगापुर, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने बृहस्पतिवार को गहन बातचीत की। सिंगापुर और भारत के बीच चार समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध ''व्यापक रणनीतिक साझेदारी'' के स्तर तक पहुंच गए हैं। इस मौके पर मोदी ने कहा कि सिंगापुर न केवल एक साझेदार राष्ट्र है, बल्कि यह प्रत्येक विकासशील देश के लिए प्रेरणा है। पीएम मोदी ने कहा, ''हम भारत में भी कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं और मुझे खुशी है कि हम इस दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं।'

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''संबंधों में एक नया अध्याय : व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने आज सिंगापुर में एक सार्थक बैठक की।'' उन्होंने कहा, ''दोनों नेताओं ने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने उन्नत विनिर्माण, संपर्क सुविधा, डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा, कौशल विकास और स्थिरता जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की व्यापक समीक्षा की।'' मोदी ने गर्मजोशी से स्वागत के लिए वोंग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''आपके प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद यह हमारी पहली मुलाकात है। मेरी ओर से आपको बहुत-बहुत बधाई।



New Delhi

## अग्निवीरों की बढ़ सकती है सैलरी, 25% से ज्यादा सेना में रहेंगे



**नई दिल्ली।** अग्निवीर सेना में जाने की तैयारी कर रहे अग्निवीरों को जल्द ही सरकार बड़ा तोहफा दे सकती है। खबर है कि 4 साल की अवधि के बाद सेना में अग्निवीरों को बरकरार रखने की सीमा बढ़ाई जा सकती है। मौजूदा नियमों के हिसाब से 25 फीसदी अग्निवीर सेवा में बने रहते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। इसके अलावा भी अग्निपथ योजना में कई बदलाव हो सकते हैं। सरकार ने साल 2022 में अग्निपथ योजना का ऐलान किया था।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट में रक्षा सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सरकार अग्निपथ योजना में कुछ बदलावों की योजना बना रही है। इसके तहत ज्यादा अग्निवीर सेना में रिटेन किए जाएंगे। साथ ही उनकी सैलरी में भी बदलाव हो सकते हैं। फिलहाल, रक्षा मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। कहा जा रहा है कि योजनाओं के लाभ और व्यवस्था को बेहतर करने के लिए बदलाव किए जा सकते हैं।

रिपोर्ट में रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि अग्निवीरों को सेवा में बनाए रखने की सीमा बढ़ाने को लेकर चर्चाएं जारी हैं। इसके बाद चार साल की सेवा पूरी कर चुके ज्यादा अग्निवीर सेना का हिस्सा बने रह सकेंगे। फिलहाल, यह आंकड़ा 25 प्रतिशत है। कहा जा रहा है कि सैन्य जानकारों का मानना है कि 25 फीसदी रिटेन करने की सीमा पर्याप्त नहीं है।

Uttarpradesh

## दो कारें और टेम्पो टकराए, 5 की मौत, 3 जख्मी

**बाराबंकी, (एजेंसी)** यूपी के बाराबंकी जिले के बड्डूपुर थाना क्षेत्र में लखनऊ महमूदाबाद मार्ग इनयतपुर गांव के पास गुरुवार की देर रात दो कारें व एक टेम्पो आपस में टकरा गए। इस हादसे में तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। आठ माह की मासूम समेत तीन लोग घायल हैं। घायल महिला व बच्ची को सीएचसी घुंघटेर से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बड्डूपुर थाना क्षेत्र में लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर इनयतपुर गांव के पास गुरुवार की रात साढ़े 10 बजे दो कारें व एक टेम्पो आपस में टकरा गए। इस हादसे में अनियंत्रित हुई कार सड़क किनारे तालाब के पानी में जा गिरी। दुर्घटना की जानकारी होने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कार व टेम्पो से निकाला। इस हादसे में कुर्सी थाना के उमरा गांव निवासी मो. इरफान पुत्र एहतशाम, ताहिरा बानो पुत्री जाकिर अली, साबरीन पत्नी तारिक, बहीरुद्दीन निशा पत्नी स्व. अनवर अली व अजीज अहमद उफ बद्दू पुत्र मोहर्रम अली की मौत हो गई। इस हादसे में आठ माह की मासूम, एक महिला व कार चालक घायल हुआ है।

Maharashtra

## आप भगवान हैं या नहीं, इसका फैसला लोगों को करने दें: मोहन भागवत

**पुणे, (एजेंसी)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि कौन अच्छा काम कर रहा है या नहीं कर रहा, यह तय करना लोगों का काम है। उन्होंने कहा कि किसी को भी खुद को भगवान नहीं मानना चाहिए। यह फैसला तो लोगों को करने देना चाहिए कि वे किसी को क्या मानते हैं। वह मणिपुर में बच्चों की शिक्षा के लिए काम करने वाले शंकर दिनकर काणे के जन्मशताब्दी वर्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने यह बात कही। काणे को मणिपुर के विद्यार्थियों के लिए महाराष्ट्र में पढ़ने और ठहरने की व्यवस्था करने के लिए जाना जाता है। वह अपनी मृत्यु तक गरीब परिवारों से आने वालों बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था में जुटे रहे।



मोहन भागवत ने भैयाजी काणे को याद करते हुए कहा, 'हमें अपनी जिंदगी में जितना संभव हो, अच्छे काम करने चाहिए। हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि हम चमकेंगे या फिर असफल रहेंगे। अपने काम से कोई भी स्मरणीय व्यक्तित्व बन सकता है। लेकिन हम उस स्तर तक पहुंचे हैं या नहीं। यह फैसला लोगों को करने देना चाहिए। खुद उसका आकलन नहीं करना चाहिए। हमें यह दावा नहीं करना चाहिए कि हम भगवान बन चुके हैं।

खेल

### अमेरिकी ओपन में बड़ा उलटफेर

## स्वियातेक को हराकर पेगुला सेमीफाइनल में, सिनर ने मेदवेदेव को हराया

**न्यूयॉर्क, (एजेंसी)** यूएस ओपन में बुधवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। अमेरिका की जेसिका पेगुला ने बुधवार को यहां दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक को सीधे सेट में हराकर उलटफेर करते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने बुधवार को पुरुष एकल में पूर्व चैंपियन दानिल मेदवेदेव को चार सेट में हराकर पहली बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इटली के शीर्ष वरीय सिनर ने 2021 के चैंपियन मेदवेदेव को 6-2, 1-6, 6-1, 6-4 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ियों नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कारेज के जल्द बाहर होने के बाद अब पुरुष एकल में सिनर एकमात्र ग्रैंडस्लैम विजेता बचे हैं।



सिनर ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में पहले दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मेदवेदेव को पांच सेट में हराकर खिताब जीता था। सिनर फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को ब्रिटेन के 25वें वरीय जैक ड्रेपर से भिड़ेंगे। इसी दिन एक अन्य सेमीफाइनल 12वें वरीय टेलर फ्रिट्ज और 20वें वरीय फ्रांसेस टियाफो के बीच खेला जाएगा। 22 साल के ड्रेपर ने पहली बार ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। वह 2012 में एंडी मरे के ट्रॉफी जीतने के बाद अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले ब्रिटेन के पहले पुरुष खिलाड़ी हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में 10वें वरीय एलेक्स डि मिनोर को 6-3, 7-5, 6-2 से हराया। 30 साल की पेगुला ने स्वियातेक को 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले छठी वरीय पेगुला को ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में छह बार शिकस्त का सामना करना पड़ा था। अपने पिछले 15 मैच हार्ड कोर्ट पर खेलते हुए 14 जीत दर्ज करने वाली पेगुला ने कहा, 'मैं इतनी बार से हार रही थी। मुझे पता है कि सभी मेरे से इस बारे में पूछते रहते थे लेकिन मेरा जवाब होता था कि मुझे नहीं पता कि मुझे इससे अलग क्या करना है। मुझे बस कोर्ट पर उतरकर मैच जीतना है। इसलिए भगवान का शुक्र है कि मैं ऐसा कर पाई और अंततः मैं कह सकती हूं कि मैं सेमीफाइनलिस्ट हूं।' सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को पेगुला की भिड़ंत चेक गणराज्य की गैरवरीय कैरोलिना मुचोवा से होगी। फ्रेंच ओपन 2023 के फाइनल में स्वियातेक के खिलाफ हार के साथ उप विजेता रहीं मुचोवा ने 22वीं वरीय बीट्रिज हदाद माइया को 6-1, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछले साल अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में कोको गॉफ के खिलाफ शिकस्त के बाद मुचोवा ने अपनी दाहिनी कलाई का ऑपरेशन कराया था।

सिनेमा

## कन्नड़ फिल्म के शूट पर हुआ हादसा, 30 फुट की सीढ़ी से गिरकर लाइट बॉय की मौत, डायरेक्टर पर एफआईआर



कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री से एक शॉकिंग खबर सामने आ रही है. गुरुवार को एक फिल्म सेट पर हुए एक्सीडेंट में यंग लाइट बॉय की मौत हो गई है. बताया जा रहा है कि ये लाइट बॉय 30 फुट की सीढ़ी पर चढ़ा हुआ था, जहां से वो नीचे गिर पड़ा था. गंभीर चोटों के साथ उसे हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया. इस मामले में पुलिस ने कन्नड़ सिनेमा के जाने माने फिल्ममेकर योगराज भट्ट के खिलाफ शिकायत दर्ज की है. जानकारी के अनुसार, 3 सितंबर को कन्नड़ फिल्म 'Manada Kadalu' के शूट के दौरान लाइटबॉय मोहन 30 फुट लंबी सीढ़ी से गिर पड़ा और उसे गंभीर चोटें आईं. इस एक्सीडेंट के बाद मोहन को गोरगुंटे पाल्या हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन पूरी कोशिश के बाद भी उसकी जान नहीं बच सकी. गुरुवार को मोहन ने आखिरी सांस ली. पुलिस ने इस मामले में फिल्म के डायरेक्टर योगराज भट्ट और मैनेजर सुरेश समेत तीन लोगों के खिलाफ, शूट पर सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही की शिकायत के साथ एफ.आई.आर. दर्ज की है.

## Highlights

1. 'Ma, I don't need money, just a lot of degrees,' doctor who was raped had told mother
2. Parliamentary panel to probe allegations against SEBI's Madhabi: Report
3. Man gets woman drunk & rapes her on road, onlookers film video in MP
4. Change notion that B'desh is safe only with Hasina: Yunus to India
5. Parents of rape victim told things which are heart-breaking: WB Guv

# To say a Samsung Galaxy Watch Ultra is an Apple Watch Ultra clone, is fallacious



**NEW DEIHI, (Agency).** There are two sides to this coin. If just a similar shade of orange colour could dictate duplication, an entire smartphone generation (for one) would be guilty of plagiarism. If a word (Ultra, in this case) in the naming scheme melded digital souls, there would be no differentiation left in the world of tech. Therefore, to say that the Samsung Galaxy Watch Ultra is too inspired by its biggest rival, the Apple Watch Ultra, would be fallacious to say the least. In the time spent analysing Samsung's most coherent outdoors, more rugged smartwatch effort, it very clearly has its unique personality. It mostly adds up too, with experience and expectations, which is more than can often be said for first-generation hardware.

An outdoors, rugged smartwatch, isn't a new concept. Garmin has been doing that for years, very successfully too. Algorithms refined, over time. The Apple Watch Ultra, now in its second generation (and should we expect a third generation in the coming days?), successfully added a lifestyle element to that concept. I can definitively say, the Galaxy Watch Ultra feels good, as a whole. There is just that subtle hint of Galaxy watch familiarity, but not so much that you'd call this a larger screen iteration of its siblings.

You could perhaps make an argument for a rotating bezel, akin to some of its siblings over time, but touch for now just about works. And in case it's not been noticed, Samsung's choice of a circular display (the jury is out on what works in the smartwatch space) is a complete contrast to Apple's square-ish approach. At the same time, a square-ish chassis around that circular screen makes for a complex visual appeal, but in Samsung's defence, they insist this is where a lot of the shock absorption is supposed to happen.

# ByteDance said to be raising $600 million for car app Dongchedi

**NEW DEIHI, (Agency).** ByteDance Ltd. is raising as much as $600 million for its car information and trading platform Dongchedi, according to people familiar with the situation.

General Atlantic, HongShan, KKR & Co. and Gaorong Ventures are joint investors in the fundraising round, which values Dongchedi at close to $3 billion, the people said, asking not to be identified discussing a private matter.

ByteDance, the parent of TikTok, initiated a plan to carve out Dongchedi less than a year ago, the people said. They added that Dongchedi shares the same user traffic pool as Douyin, the version of TikTok used in China.

ByteDance and Gaorong didn't respond to requests for comment. Representatives for General Atlantic, KKR and HongShan, which was formerly Sequoia Capital China, declined to comment.

Launched as a standalone in 2017, Dongchedi, or DCar, is an automobile information, trading and services platform. It has about 35.7 million monthly active users, according to a report in June by Quest Mobile.

Under scrutiny in the US after a bill was passed ordering the sale of TikTok, ByteDance has been reviewing its businesses to center on long-term growth areas. It reduced its gaming division to avoid a clash with Tencent Holdings Ltd. and has considered selling Shanghai Moonton Technology Co., a studio it acquired for $4 billion in 2021, Bloomberg News reported.

# महिला सूबेदार की मौत

## मॉर्निंग वॉक पर निकली थी, बिल्डिंग में पहुंची, बाद में नीचे गिरी मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **आजाद नगर इलाके के पीटीसी में रहने वाली सूबेदार (सब इंस्पेक्टर) ने शुक्रवार की सुबह करीब 5.30 बजे सातवीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। सूचना के बाद वरिष्ठ अफसर मौके पर पहुंचे हैं। शव को एमवाय अस्पताल भेजा गया है। मामले में डिप्रेशन की बात सामने आ रही है।**

आजाद नगर थाना टीआई नीरज मेंढा के मुताबिक मृतका का नाम नेहा (32) पति ओमशरण है। वह पीटीसी के पीछे शिप्रा बिल्डिंग में रहती थी। नेहा सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकली और सामने बनी सीनियर पुलिस अधिकारियों की बिल्डिंग के टॉप फ्लोर से छलांग लगा दी। नीचे गिरने के बाद बिल्डिंग में मौजूद गार्ड ने सबसे पहले देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर आजाद नगर पुलिस पहुंची है। पुलिस घटना के वास्तविक कारणों का पता लगा रही है।

नेहा के पति टीचर हैं। उन्होंने बताया कि वह सहज और सरल स्वभाव की थी। नेहा की आठ माह की बेटी और 4 साल का एक बेटा है। वह मूल रूप से नीमच की रहने वाली थी। 2015 में उनकी पुलिस विभाग में भर्ती हुई थी। इसके बाद से वह पीटीसी में ही पदस्थ थी। सूत्रों के मुताबिक नेहा जिस बिल्डिंग से कूदी उसमें सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। वह हाई सिक्योरिटी जोन की सबसे सुरक्षित बिल्डिंग है। इस बिल्डिंग में दो डीसीपी और कई एडीसीपी, एसीपी और डीएसपी रहते हैं।

# कार लेकर फरार हो गया चालक

## ◆ मालिक ने हेराफेरी का दर्ज कराया केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **कार कंपनी के मालिक ने एक किराएदार के खिलाफ लसूडिय़ा थाने में हेराफेरी का केस दर्ज कराया है। बताया जाता है कि उन्होंने कस्टमर से कार लेकर उसे किराए पर दिया था । लेकिन किराएदार कार लेकर फरार हो गया।**

लसूडिय़ा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रोहित यदुवंशी निवासी पंचवटी कॉलोनी की शिकायत पर पुलिस ने प्रतीक पुत्र ताराचंद चौधरी निवासी इटारसी पर केस दर्ज किया है। रोहित ने बताया कि वह गोविथ कार के नाम से प्रोपराइटरशिप चलाते हैं। इसमें नेमीचंद पुत्र खेमचंद मालवीय निवासी सुख संपदा कॉलोनी निपानिया से उनकी कार नंबर (एमपी 1& जेडजे 4&40) को किराये पर चलाने के लिए मुनाफे पर एग्रीमेंट कराया। 10 अप्रैल को इसकी लिखा-पढी हुई। जिसका करार 11 माह का हुआ। यह गाड़ी 18 मई को 45 सौ रुपए प्रतिदिन के हिसाब से नया अनुबंध कर सौंपी। 27 जुलाई तक प्रतीक ने कार के बदले नियमित किराया दिया। इसके बाद उसने कॉल उठना और पेमेंट डालना बंद कर दिया। कार की जीपीएस लोकेशन आना भी बंद हो गई। इसे लेकर वह काफी दिनों तक कार की तलाश करते रहे। बाद में नेमीचंद से बात कर थाने पर आकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने इस मामले में धोखाध?ी का केस दर्ज किया है।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक